| |
|---|
| दिनांक 13.09.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 19/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## फेसबुक पर की गई पोस्ट का संज्ञान लेकर, पुलिस मुख्यालय लखनऊ के निर्देश पर जनपदीय पुलिस द्वारा मात्र 10 मिनट के अन्दर मौके पर पहुँच कर, बचायी गयी चिकित्सक की जान

दिनांक 12-09-2025 को जनपद गौतमबुद्धनगर के थाना सूरजपुर निवासी लगभग **50 वर्षीय चिकित्सक द्वारा, अपनी व अपने दो बच्चों की फोटो लगाकर, "मै अपने बच्चों के साथ आत्महत्या कर रहा हूँ-------सभी को आख़िरी प्रणाम" यह टेक्स्ट लिखकर फेसबुक पर पोस्ट** किया गया। उक्त पोस्ट के संबंध में दिनांक 12-09-2025 को 08:18PM पर मुख्यालय पुलिस महानिदेशक स्थित सोशल मीडिया सेन्टर को ट्वीट प्राप्त हुआ, जिसका तत्काल संज्ञान लेकर उच्चाधिकारियों को संज्ञानित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, श्री राजीव कृष्ण द्वारा उक्त पोस्ट पर तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पोस्ट का संज्ञान लेकर मुख्यालय की सोशल मीडिया सेन्टर द्वारा पीड़ित के फेसबुक अकाउंट तथा उनकी पोस्ट पर किए जाने वाले कमेन्ट को सावधानीपूर्वक चेक किया गया, जिसमे एक पोस्ट में उनके घर का पता नोएडा का लिखा मिला, जिसका संज्ञान लेकर तत्काल पोस्ट में उपलब्ध पते के आधार पर जनपद गौतमबुद्धनगर को प्रकरण से अवगत कराया गया।

**मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना एवं पते पर थाना सूरजपुर के उप निरीक्षक मय पुलिस कर्मियों के मात्र 10 मिनट के अन्तराल में चिकित्सक के घर पहुंच गए**। पुलिस कर्मियों को वहां पर रस्सी मिली, जिसका प्रयोग करके चिकित्सक द्वारा फांसी लगाने की तैयारी की जा रही थी। उप निरीक्षक व पुलिस कर्मियों द्वारा चिकित्सक को तत्काल आत्महत्या करने से रोका गया। चिकित्सक के सामान्य होने पर पुलिस कर्मियों द्वारा जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि **उनका पत्नी से विवाद चल रहा है तथा पत्नी कुछ दिन पूर्व अपने मायके चली गई थी और बच्चों को पति के घर पर ही छोड़ गई थी। इसी पारिवारिक विवाद के कारण चिकित्सक द्वारा अवसाद में शराब का सेवन करके, आत्महत्या करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया था**। स्थानीय पुलिस द्वारा समय से पहुँच कर, चिकित्सक को आत्महत्या करने से रोका गया एवं काउन्सलिंग की गयी, जिस पर चिकित्सक द्वारा भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने का आश्वासन दिया गया। युवक के परिजनों द्वारा स्थानीय थाने के पुलिसकर्मियों की तत्परता तथा उनके सहयोग हेतु उ0प्र0 पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस 24X7 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सतर्क रहकर न केवल जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं अवसादग्रस्त व्यक्तियों की सहायता के लिए निरंतर सक्रिय है, बल्कि मेटा कंपनी द्वारा प्रेषित अलर्ट का समयबद्ध संज्ञान लेकर आमजन के कीमती जीवन की रक्षा हेतु पूर्णतः कृतसंकल्पित है। **दिनांक 01 जनवरी 2023 से 10 सितम्बर 2025 के मध्य, आत्महत्या से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट्स पर प्राप्त अलर्ट्स एवं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा अब तक कुल 1,365 व्यक्तियों के जीवन की रक्षा की जा चुकी है।**

| |
|---|
| दिनांक 13.09.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 20/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**एएनटीएफः दि0—12.09.2025 को एएनटीएफ थाना गाजीपुर द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 01 सक्रिय तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 255 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन (जिसका अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 55 लाख), 01अदद मोबाइल फोन व 120/— रूपये नगद बरामद किया गया ।**

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था उ0प्र0, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ0प्र0, लखनऊ के मार्ग दर्शन एवं पुलिस महानिरीक्षक, एएनटीएफ लखनऊ के निर्देशन में एएनटीएफ थाना गाजीपुर द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला 01 सक्रिय तस्कर जिसका नाम गौतम कुमार पुत्र राजकुमार उर्फ मटरू निवासी ग्राम ड़गहर पथरहिया थाना कटरा कोतवाली जनपद मिर्जापुर उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 255 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन (जिसका अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 55 लाख), 01 अदद मोबाइल फोन व 120/— नगद बरामद किया गया । जिसके सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना कटरा कोतवाली जनपद मिर्जापुर पर मु0अ0सं0 279/25 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कराते हुए विधिक कार्यवाही किया गया ।

**पूछताछ का विवरण–**

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त द्वारा पूछने पर बताया गया कि उसके पास नाजायज हेरोइन है जिसे वह एक व्यक्ति द्वारा यह मादक पदार्थ (हेरोइन) रेलवे स्टेशन मिर्जापुर के पास बाहर से आये मोटर साइकिल से लाल रंग के शर्ट पहने व्यक्ति को देने हेतु ले जा रहा था । इस हेरोइन को पहुँचाने पर उसको अच्छी कीमत मिलती है । उसके पास वही हेरोइन है जिसे वह देने जा रहा था कि आप लोगो ने पकड लिया ।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण–**

1–गौतम कुमार पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम ड़गहर पथरहिया थाना कटरा कोतवाली जनपद मिर्जापुर ।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय–**

दिनांक– 12.09.2025 समय–22.21 बजे स्थान– मिर्जापुर रेलवे स्टेशन के बाहर माल गोदाम के पास थाना कटरा कोतवाली जनपद मिर्जापुर ।

**बरामदगी का विवरण**

1. 255 ग्राम हेरोइन जिसका अन्तर्राष्ट्रीय कीमत मूल्य (लगभग 55 लाख)
2. 01 अदद मोबाइल फोन
3. 120/– रू नगद

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम का विवरण– ए0एन0टी0एफ0 थाना गाजीपुर।**

1– उ0नि0 शमी अशरफ शेख
2– का0 जयन्त सिंह
3– का0 अमित कुमार चौरसिया
4– का0 अजीत कुमार
5– का0 देवानन्द

**सहयोगार्थ थाना– कोतवाली कटरा जनपद–मिर्जापुर की टीम–**

1– उ0नि0 श्री वैद्य नाथ सिंह(थाना प्रभारी कोतवाली कटरा)
2– उ0नि0 राजकुमार पाण्डेय थाना कोतवाली कटरा
3– मु0आ0 पुनदेव सिंह थाना कोतवाली कटरा
4– मु0आ0 ज्ञानेन्द्र सिंह थाना कोतवाली कटरा
5– मु0आ0 मुकेश चौहान थाना कोतवाली कटरा
6– मु0आ0 अजय प्रताप सिंह थाना कोतवाली कटरा
7– आ0 दिप नारायण थाना कोतवाली कटरा
8– आ0 अरविन्द कुशवाहा थाना कोतवाली कटरा
9– म0आ0 बिन्दु यादव थाना कोतवाली कटरा

**जनपद बाराबंकी/थाना सफदरगंज**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी/छिनैती के पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **17 हजार रूपये नगद**
- **11 मोबाइल फोन बरामद**

दिनॉकः 13.09.2025 को थाना सफदरगंज, स्वाट, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर प्यारेपुर सरैया मोड़ से अभियुक्त मनीष कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी/छिनैती के पीली–सफेद धातु के आभूषण, 17 हजार रूपये नगद, 11 मोबाइल फोन बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना सफदरगंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सफदरगंज पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सफदरगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मनीष कुमार निवासी ग्राम ठकुरापुर डिहवा थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा।

**बरामदगी**

1–चोरी/छिनैती के पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–17 हजार रूपये नगद।

3–11 मोबाइल फोन।

**जनपद कानपुर देहात/थाना रूरा**

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 07 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 13.09.2025 को थाना रूरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कश्यप गेस्ट हाउस के सामने रूरा–सिठमरा मार्ग से 04 अभियुक्तों 1–प्रिन्स 2–गोलू 3–शिवम 4–कल्लू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 07 मोटर साइकिल बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना रूरा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—प्रिन्स निवासी वार्ड नं0—17 बुद्धनगर कस्बा झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

2—गोलू निवासी वार्ड नं0—17 बुद्धनगर कस्बा झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

3—शिवम निवासी अंबरपुर थाना रूरा जनपद कानपुर देहात।

4—कल्लू निवासी सिंहपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

**<u>बरामदगी</u>**

1—चोरी की 07 मोटर साइकिल।

## जनपद कुशीनगर/थाना तमकुहीराज

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **05 कुन्तल अवैध गांजा**
- **घटना में प्रयुक्त टैंकर वाहन बरामद**

दिनॉकः 12/13.09.2025 की रात्रि थाना तमकुहीराज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 02 अभियुक्तों 1—सुरेन्द्र 2—विजय कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 05 कुन्तल अवैध गांजा, घटना में प्रयुक्त टैंकर वाहन बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना तमकुहीराज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—सुरेन्द्र निवासी गढहा सैनी थाना बक्सा जनपद जौनपुर।

2—विजय कुमार निवासी बेलावा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1—05 कुन्तल अवैध गांजा।

2—घटना में प्रयुक्त टैंकर वाहन।

————————